हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 11 अंक : 214 देहरादून, बुधवार, 15 फरवरी, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



30 करोड़ की विकास योजनाओं से निखरेगा हरिद्वार : सतपाल महाराज 3

# सहकारिता के क्षेत्र में और प्रयासों की जरूरत : मुख्यमंत्री धामी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 14 फ़रवरी , राज्य के पर्वतीय जनपदों में लोगों की आजीविका बढ़ाने के लिए सहकारिता के क्षेत्र में और प्रयासों की जरूरत है। सरकार की विभिन्न योजनाओं का आम जन अधिक से अधिक फायदा ले सकें, इसके लिए ऐसी व्यवस्था की जाय कि एक जैसी प्रकृति की योजनाओं के तहत लोगों को संबंधित विभागों की योजना का लाभ उठाने के लिए मिश्रित लोन लेने की सुविधा मिल सके। सहकारी बैंकों द्वारा एनपीए को कम करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जाएं। बैंकों को ऋण जमा अनुपात को बढ़ाने की दिशा में विशेषकर पर्वतीय क्षेत्रों में और प्रयासों की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में उत्तराखंड राज्य सहकारी बैंकों की बैठक के दौरान अधिकारियों को ये निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की आजीविका को बढ़ाने के लिए राज्य में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। कलस्टर आधारित अप्रोच पर अधिक ध्यान दिया जाए। पर्वतीय जनपदों में सहकारिता आधारित कार्यों को तेजी से बढ़ाने की आवश्यकता है। राज्य में मोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जाएं। इसके लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाय। आम जन को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके, सहकारी बैंकों के माध्यम से लोन की प्रक्रियाओं के सरलीकरण की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की आम जन को गोष्ठियों एवं कैम्प के माध्यम से जानकारी दी जाय।

सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि पिछले 5 सालों में राज्य के सहकारी बैंकों में एनपीए में तेजी से कमी की गई है। 5 साल पहले एनपीए लगभग 20 प्रतिशत था, जो अब घटकर 3.81 प्रतिशत है। सहकारी बैंकों के माध्यम से मोबाइल बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य में सभी पैक्स का कंप्यूटराइजेशन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। सहकारी बैंकों में आईबीपीएस के माध्यम से भर्तियां की जा रही हैं। बैठक में सचिव आर.मीनाक्षी सुंदरम, बी.वी.आर.सी पुरुषोत्तम, अपर निबंधक सहकारिता ईरा उप्रेती, एमडी सहकारिता नीरज बेलवाल एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



## राज्यपाल ने दी निवर्तमान सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा को स्थानांतरण पर विदाई

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 14 फ़रवरी । राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राजभवन में निवर्तमान सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा को स्थानांतरण पर विदाई दी। राज्यपाल ने डॉ. सिन्हा को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए उनके सफल कार्यकाल की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि डॉ. सिन्हा के कार्यकाल के दौरान राजभवन द्वारा कई महत्वपूर्ण आयोजनों का सफल संपादन व अनेक अभिनव पहल प्रारंभ की गई। इस अवसर पर राज्यपाल ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान विधि परामर्शी अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव स्वाती एस. भदौरिया, एडीसी रचिता जुयाल, वित्त नियंत्रक डॉ.तृप्ति श्रीवास्तव, उप सचिव एन के पोखरियाल, कम्पट्रोलर प्रमोद चमोली, अनु सचिव जी.डी.नौटियाल सहित राजभवन के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।





## मुख्य सचिव डॉ. संधू ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

देहरादून, , 14 फ़रवरी । । राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ( से नि ) से राजभवन में मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधू ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने विभिन्न समसामयिक विषयों पर मुख्य सचिव से जानकारी प्राप्त की।

## मंत्री अग्रवाल ने ली सिंचाई विभाग के अधिकारियों की बैठक

ऋषिकेश, 14 फ़रवरी । शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। अधिकारियों से गौहरीमाफी और खदरी में होने वाले बाढ़ सुरक्षा कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को बाढ़ नियंत्रण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए। मंगलवार को कैंप कार्यालय में हुई बैठक में विभागीय अधिकारियों ने बताया कि गौहरी माफी में बाढ़ सुरक्षा के तहत धरना स्थल से गंगा लहरी तक करीब एक किमी की लंबाई में साढ़े सात करोड़ की लागत से बाढ़ सुरक्षा दीवार बनाई जानी है। खदरी में साढ़े तीन करोड़ रुपये की लागत से करीब आधा किमी की लंबाई में सौंग नदी से बाढ़ सुरक्षा दीवार बनाई जानी है। मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि गौहरी माफी और खदरी दोनों ही बाढग्ररस्त क्षेत्र हैं, मानसून के दौरान दोनों ही क्षेत्रों की जनता प्रभावित होती है। इसके लिए उनके स्तर से लगातार प्रयास किए गए। कहा कि जल्द ही गौहरीमाफी और खदरी में बाढ़ सुरक्षा दीवार के बनने से यहां के लोगों को राहत मिलेगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि छिद्दरवाला में निर्माणाधीन बाढ़ नियंत्रण कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण मौके पर जाकर किया जाए। मौके पर सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता आरके तिवारी, अधिशासी अभियंता बीसी उनियाल, सहायक अभियंता अनुभव नौटियाल आदि उपस्थित रहे।


## केदारनाथ यात्रा का संचालन अच्छे ढंग से करें : डीएम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग, 14 फ़रवरी । केदारनाथ यात्रा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने अफसरों एवं कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की तर्ज पर वे केदारनाथ यात्रा व्यवस्थाओं का संचालन करें। यात्रा के दौरान संबंधित विभागों द्वारा अच्छी तरह कार्य किया जाए सके इसके लिए अफसरों को यात्रा के लिए उचित प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि यात्रा के समय उन्हें कोई दिक्कत न हो। कलक्ट्रेट में अफसरों की बैठक लेते हुए डीएम ने यात्रा व्यवस्था के लिए तैनात किए गए सेक्टर अधिकारियों एवं सहायक सेक्टर अधिकारियों को उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों की जानकारी दी। कहा कि सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निष्ठा से निर्वहन करें। कहा कि यात्रा व्यवस्था के सफल संचालन के लिए सेक्टर अधिकारियों एवं सहायक सेक्टर अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिस भी सेक्टर में तैनाती की जाती है उस क्षेत्र के सभी अधिकारियों, कार्मिकों, क्षेत्र के व्यापारियों एवं स्थानीय लोगों से बेहतर समन्वय स्थापित करें। निर्देश दिए हैं कि यात्रा के दौरान सभी अधिकारियों को अपने-अपने सेक्टरों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना है। यात्रा मार्ग में संचालित हो रहे घोड़े-खच्चरों के साथ किसी प्रकार की कोई क्रूरता न होने, बीमार व कमजोर घोड़े-खच्चरों का संचालन न करने आदि पर कड़ी नजर रखने को कहा। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार एवं उप जिलाधिकारी ऊखीमठ जितेंद्र वर्मा ने सेक्टर अधिकारियों एवं सहायक सेक्टर अधिकारियों को उनको सौंपे गए दायित्वों के बारे में पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी। बैठक में डीडीओ मनविंदर कौर, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव गोयल, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार सहित सेक्टर अधिकारी एवं सहायक सेक्टर अधिकारी मौजूद थे।

# क्या आप जानते हैं IT Raid और IT Survey में क्या है अंतर ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




ब्यूरो रिपोर्ट , 14 फ़रवरी , BBC के दिल्ली और मुंबई ऑफिस पर आयकर विभाग ने मंगलवार को 'सर्वे' किया. आम लोगों की भाषा में इसे इनकम टैक्स की 'रेड' कहा जा रहा है. पर क्या आप जानते हैं कि आयकर विभाग के 'सर्वे' और 'छापा' में बड़ा अंतर होता है. चलिए हम बताते हैं... साल 2002 के गुजरात दंगों पर बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री को भारत में बैन किए जाने के बीच मंगलवार को आयकर विभाग ने न्यूज ग्रुप के दिल्ली और मुंबई दफ्तरों पर 'सर्वे' को अंजाम दिया. जहां लोग इसे IT Raid समझ रहे हैं, लेकिन आयकर कानून में 'आयकर सर्वे' और 'आयकर छापा' को अलग-अलग डिफाइन किया गया है. इनमें काफी अंतर है, जिसे आप यहां समझ सकते हैं...

क्या होता है 'IT Survey' ?

इनकम टैक्स कानून के मुताबिक तब कर अधिकारी किसी अघोषित आय या छिपी हुई संपत्ति को उजागर करने की कार्रवाई करते हैं, तो उसे आयकर सर्वे कहा जाता है. इस कार्रवाई का पूरा मकसद सूचना का संग्रह करता होता है. इतना ही नहीं आयकर सर्वे ये देखने के लिए भी किया जा सकता है कि संबंधित व्यक्ति या बिजनेस ने अपनी बही-खातों को सही से मेंटेन किया है या नहीं ?

कर अधिकारी इनकम टैक्स एक्ट-1961 की धारा-133A के तहत 'आयकर सर्वे' को अंजाम देते हैं. इसे कानून में 1964 में जोड़ा गया था. इसमें कुछ संशोधन वित्त विधेयक-2002 के माध्यम से किए गए. इस संशोधन के बाद अब कर अधिकारी 'आयकर सर्वे' के दौरान बही खातों और दस्तावेजों की जब्ती कर सकते हैं, पर इसके लिए उन्हें सही कारण की जानकारी देना अनिवार्य है.




**क्या होता है 'IT Searches' ?**

इनकम टैक्स कानून का सेक्शन-132 'आयकर छापा' को डिफाइन करता है. आम लोग इसे ही 'IT Raid' समझते हैं. कर अधिकारी 'आयकर छापा' आम तौर पर कर चोरी के मामलों में मारते हैं. 'आयकर छापा' के तहत किसी व्यक्ति या बिजनेस के बिल्डिंग, घर या किसी भी तरह के परिसर पर कार्रवाई की जा सकती है. इतना ही नहीं आयकर छापे के तहत कर अधिकारियों के पास दस्तावेजों, संपत्ति, आभूषण और अघोषित नकदी इत्यादि को जब्त करने का भी अधिकार होता है.

# पानी पर तैरता अद्भुत शहर, ख्वाबों में भी नहीं देखी होगी खूबसूरती



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 14 फरवरी , ‟सोचो कि झीलों का शहर हो, लहरों पे अपना एक घर हो... हम जो देखें सपने प्यारे, सच हो सारे... बस और क्या !‟ बॉलीवुड मूवी 'मिशन कश्मीर' में समीर के लिखे इस गीत की ये लाइनें फ्लोटिंग सिटी यानी तैरते शहर पर फिट बैठती हैं. तस्वीर में आप जो शहर देख रहे हैं, वह अभी तो एक कल्पना मात्र है, लेकिन आनेवाले समय में यह हकीकत होने वाला है. इटालियन फर्म लुका कर्सी आर्किटेक्ट्स और कनाडाई डिजाइनर टिम फू समंदर पर तैरते शहर का कॉन्सेप्ट लेकर आए हैं.


कंपनी और डिजाइनर का कहना है कि क्लाइमेट चेंज के बीच जब कई शहरों पर डूबने का खतरा मंडरा रहा है, ऐसे में यह एक बेहतर विकल्प हो सकता है. एक स्टडी के मुताबिक, दुनिया के कम से कम 33 शहर एक वर्ष में 1 सेमी से अधिक डूब रहे हैं. बहरहाल इस नए मॉडल को 20 मई से 26 नवंबर के बीच वेनिस, इटली और अन्य लोकेशंस पर होने वाले बिएनले आर्किटेट्रा 2023 सम्मेलन के दौरान किया जाएगा.टीम के अनुसार, इस फ्लोटिंग सिटी के कॉन्सेप्ट को शंघाई, न्यूयॉर्क और एम्स्टर्डम जैसे तटीय शहरों में बदलते मौसम के अनुकूल बनाया गया है और इसे विस्तार देते हुए इसमें 2,00,000 लोगों के रहने लायक बनाया जा सकता है.



इस 'फ़्लोटिंग सिटी' में 50,000 लोगों का आशियाना हो सकता है. यह सिटी 100 फीसदी रीन्यूएबल एनर्जी से संचालित होगी. इसमें पवन ऊर्जा, पनबिजली और सोलर पैनल्स शामिल होंगे. 'फ़्लोटिंग सिटी' का पूरा एरिया सड़क, जलमार्ग और हवाई मार्ग से जुड़ा होगा.किसी मेट्रो सिटी में उपलब्ध सारी सुविधाएं इस फ्लोटिंग सिटी में भी होंगी. सरकारी भवन होंगे, स्कूल-अस्पताल होंगे, बड़े-बड़े बगीचे होंगे और 25 एकड़ से अधिक एरिया सोशल स्पेस का होगा.सोशल स्पेस का ये एरिया इंटरकनेक्टेड होगा. इसे विकसित करनेवाली टीम के अनुसार, यहां बाजारों के साथ-साथ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र भी होंगे.

# उंगलियों का सुन्न होना नहीं है कोई मामूली बात, ये हो सकती है वजह

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट , 14 फ़रवरी , क्या आप रात के बीच में या सुबह उठकर देखते हैं कि आपकी उंगलियां सुन्न हो गई हैं, तो ऐसा केवल खराब नींद या सोने के गलत पोश्चर की वजह से नहीं होता है. उंगलियों का सुन्न होना कुछ स्वास्थ्य विकारों का लक्षण हो सकता है, जिसकी जांच की जानी चाहिए. ऐसा हो सकता है कि आप अपनी बांह के बल सोए हों या आपकी कोहनी दब गई हो जिससे आपकी उंगलियों में रक्त के प्रवाह में कमी हो सकती है. हालांकि, किसी को उंगलियों में सुन्नता को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए. उंगलियों का सुन्न होना डायबिटीक न्यूरोपैथी, कार्पल टनल सिंड्रोमविटामिन की कमी से लेकर स्ट्रोक तक कई बीमारियों का संकेत हो सकते हैं.

**डायबिटीक न्यूरोपैथी**

वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. कवलजीत सिंह कहते हैं कि डायबिटीज वाले लगभग आधे लोगों में डायबिटीक न्यूरोपैथी और कार्पल टनल सिंड्रोम सहित कई समस्याओं के होने का खतरा रहता है. इसकी वजह से हाथों की उंगलियां सुन्न हो जाती हैं. डायबिटीक न्यूरोपैथी एक काफी गंभीर समस्या है. इसमें शरीर में बढ़ा हुआ शुगर लेवल नसों को नुकसान पहुंचाता है. इस वजह हाथों और पैरों की उंगलियों में सुन्न हो जाती हैं. डायबिटीक न्यूरोपैथी की वजह से ब्रेन पर भी असर पड़ता है. डायबिटीक न्यूरोपैथी की समस्या उन लोगों में अधिक देखी जाती है जिनका शुगर लेवल ज्यादा होता है.

**डायबिटीक न्यूरोपैथी क्यों होती है**


डायबिटीज मोटापा धूम्रपान हाई कोलेस्ट्रॉल शरीर में शुगर का हाई लेवल क्रोनिक किडनी डिजीज

**सोने की स्थिति**

यदि आप सुन्न उँगलियों के साथ जाग रहे हैं, तो यह आपके सोने के तरीके के कारण हो सकता है. अगर आप अपनी बाहों को झुकाकर या अपने हाथों पर सोते हैं, तो यह रक्त वाहिकाओं को संकुचित कर सकता है, जिससे आपकी उंगलियों में सुन्नता और झुनझुनी हो सकती है. यह आमतौर पर एक अस्थायी स्थिति है जो आपके हाथ या हाथ हिलाने के बाद चली जाती है.

**कार्पल टनल सिंड्रोम**

"कार्पल टनल सिंड्रोम तब होता है जब हाथ में माध्यिका तंत्रिका संकुचित हो जाती है. इस समस्या के होने से परव्यक्तियों को अपने हाथों को 'शेक आउट' करने की आवश्यकता महसूस हो सकती है. रात के दौरान बेचैनी उन्हें बार-बार जगा सकती है.कार्पल टनल सिंड्रोम के लक्षणों में सुन्नता, झुनझुनी और हाथ और उंगलियों में दर्द शामिल है. गंभीर मामलों में, यह कमजोरी का कारण बन सकता है. ऐसे में अगर हाथ या पैर सुन्न हो रहे हैं तो इस लक्षण का ध्यान रखना चाहिए.



# 30 करोड़ की विकास योजनाओं से निखरेगा हरिद्वार : सतपाल महाराज

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार 14 फ़रवरी , उत्तराखंड के सीनियर मिनिस्टर और हरिद्वार के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने ब्लॉक मुख्यालय भगवानपुर एवं बहादराबाद में मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में सम्मिलित/चिह्नित ''सरकार जनता के द्वार'', ''हमारा संकल्प अनुशासित प्रदेश एवं भय मुक्त समाज'' के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रमों में योजनाओं की झड़ी लगा दी। हर क्षेत्र में बजट दिया , तमाम योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। आपको बता दें कि कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने ब्लॉक भगवानपुर एवं बहादराबाद में सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा पंचायती राज विभाग की 3083.194 लाख रुपये की लागत के विकास योजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया।''सरकार जनता के द्वार'' कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने जन-सुनवाई के दौरान इकबाल शुगर मिल द्वारा गन्ना किसानों का भुगतान न होने के सम्बन्ध में मामला आने पर उन्होंने तुरन्त शुगर मिल के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश निर्देश देते हुए गन्ना मंत्री सौरव बहुगुणा से दूरभाष पर बात कर गन्ना किसानों के लंबित भुगतान शीघ्र किए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों की जो भी समस्यायें होंगी, उनका निदान शीघ्र किया जायेगा। कार्यक्रम में शियाराम चुड़ियाला ने चकरोड तथा चकबन्दी से सम्बन्धित प्रकरण कैबिनेट मंत्री के सम्मुख प्रस्तुत किया। कैबिनेट मंत्री श्री महाराज ने जिला चकबन्दी अधिकारी का पक्ष जानना चाहा तो, वे अनुपस्थित पाये गये, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने उनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये तथा कैबिनेट मंत्री ने उनका तुरन्त स्थानान्तरण करने के निर्देश दिये।



प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने कार्यक्रम में सरकार द्वारा लिये गये विभिन्न निर्णयों की जानकारी देते हुये बताया कि ग्राम प्रधानों को आपदा निधि (त्वरित सहायता) के लिए 10-10 हजार रूपये के राशि आपदा निधि से दिये जाने का निर्णय लिया गया है, जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा मुख्य विकास अधिकारी तथा क्षेत्र पंचायत प्रमुख द्वारा खण्ड विकास अधिकारी की चरित्र प्रविष्टि पर मंतव्य अंकन को प्रभावी ढंग से लागू किये जाने हेतु 2005 के शासनादेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने यह भी बताया कि त्रिस्तरीय पंचायतों के पदाधिकारियों के मानदेय के निराकरण एवं जल जीवन मिशन योजना के तहत सृजित परिसम्पत्तियों को पंचायतों को हस्तान्तरण से पूर्व ग्राम प्रधान पेयजल विभाग के कार्मिकों एवं जिलाधिकारी द्वारा नामित अधिकारी की संयुक्त टीम के सत्यापन के पश्चात हस्तान्तरण की कार्यवाही की जायेगी तथा पंचायत घरों के निर्माण हेतु 20 लाख के बजट का प्राविधान किये जाने पर विचार किया जा रहा है, वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में 500 पंचायत भवन निर्मित हुए तथा 150 पंचायत भवनों के मरम्मत की स्वीकृति प्राप्त हो गयी है। उन्होंने कहा कि पंचायतों की आय बढ़ाने के लिए सरकार प्रत्यनशील है। प्रदेश सरकार के त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव लड़ने का जिक्र करते हुये उन्होंने बताया कि ऐसे सभी पात्र व्यक्तियों, जिनके 25 जुलाई,2019 से पहले दो से अधिक बच्चे हैं, वे चुनाव लड़ सकते हैं।



जनपद के प्रभारी मंत्री और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि हरिद्वार में एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा होना चाहिए, जिससे हजारों युवाओं को रोजगार मिलने के साथ विश्व के अन्य देशों के लोग सीधे धार्मिक नगरी हरिद्वार पहुंचेंगे। उन्होंने धार्मिक पर्यटन शैव सर्किट, गोलज्यू सर्किट आदि के सम्बन्ध में भी विस्तृत जानकारी दी। भगवानपुर एवं बहादराबाद ब्लॉक के ''सरकार जनता के द्वार'' कार्यक्रम में कुल 238 अनुरोध पत्र/जन समस्याएं प्राप्त हुई थीं, जिनमें से 115 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष अनुरोध पत्रों को प्रकरण के निस्तारण में लगने वाले समय के अनुसार संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारित करने के निर्देश मंत्री महाराज ने दिये।

# गुणवक्तापूर्वक भोजन उपलब्ध कराया जाए के.के मिश्रा, एडीएम देहरादून

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 14 फरवरी , जिलाधिकारी सोनिका के निर्देशों पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के.के मिश्रा ने चिकित्सा प्रबंधन समिति राजकीय जिला चिकित्सालय (कोरोनेशन) की संचालन मण्डल समिति की बैठक ली। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। तथा समिति के सदस्यों के साथ विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने निर्देशित किया कि चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के साथ ही उपचाररत लोगों को गुणवक्तापूर्वक भोजन उपलब्ध कराया जाए, तथा भोजन की निरंतर जांच भी की जाए। उन्होंने चिकित्सालय में अटल आयुषमान कार्ड एवं आयुषमान कार्ड बनने एवं उपयोग की जानकारी प्राप्त की गई जिस पर बताया गया कि चिकित्सालय में कार्ड बनाने हेतु स्टाफ रखा गया है। जिससे आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं वैध अभिलेख दिखाकर कार्ड बनाया जा रहा है।



उन्होंने चिकित्सालय के बायोमैडिकल वेस्ट के निष्पादन की जानकारी प्राप्त करते हुए इसकी मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने औषधियों की खपत की स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा सदस्यों की ओर से टैण्डर प्रक्रिया में शामिल किए, जाने के अनुरोध पर उन्होंने समिति के अध्यक्ष से सहमति प्राप्त करने के निर्देश समिति के सचिव प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय को दिए। अपर जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में उपलब्ध सिटी स्कैन सुविधा की दर कम किए जाने हेतु हुई चर्चा पर समिति की ओर से प्रस्ताव शासन को प्रेषित किए जाने को कहा। साथ ही चिकित्सालय में सोलर ऊर्जा प्लान्ट लगाते हुए ऊर्जा खपत की आपूर्ति करने पर बल दिया।

इस अवसर पर प्रमुख अधीक्षक जिला चिकित्सालय सचिव/सदस्य डॉ0 शिखा जंगपागी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संजय जैन, मुख्य कोषाधिकारी रोमिल चैधरी, वरिष्ठ पैथौलॉजिस्ट/एसएमओ जिला चिकित्सालय डॉ0 जे0पी0 नौटियाल, सांसद टिहरी के प्रतिनिधि विनोद खण्डूरी, विधायक राजपुर क्षेत्र के प्रतिनिधि ओम कक्कड़, मेयर नगर निगम देहरादून के प्रतिनिधि आशीष नागरथ, समाज सेवक राकेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# 20 फ़रवरी को मुख्यालयों पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेगा यूकेडी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 14 फ़रवरी , आगामी निकाय चुनाव की तैयारियों एवं बेरोजगारों के भर्ती घोटालों के आंदोलन को लेकर पार्टी कार्यालयपर अति आवश्यक बैठक केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ शक्ति शैल कपरूवान की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में अति महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये जिसमें सभी निकायों को लेकर प्रभारियों की रिपोर्ट पर चर्चा हुई कि सभी निकायों के वार्डों में प्रत्याशियों की तैयारी के लिए केंद्रीय पदाधिकारीगण क्षेत्रवार प्रचार करेंगे वो वार्डों में हो रही बैठकों में उपस्तिथ रहेंगे। राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार व भर्ती घोटालों को लेकर बैठक में निर्णय लिया गया कि दल सरकार से सी वी आई जांच की मांग तथा बेरोजगारों पर संगीन सभी धाराओं को हटाने को लेकर 20 फ़रवरी को पुरे प्रदेश में जिलों के मुख्यालयों में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेगा।




यूकेडी यह भी मांग सरकार से करेगा कि भर्ती घोटालों में संलिप्त जिनके द्वारा अवैध नियुक्तियां की गयी हैं जिसमें पूर्व विधानसभा अध्यक्षों तथा पेपर लिक घोटालों में संलिप्त नेताओं को जेल भेजा जाय की मांग रहेगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे डॉ कपरूवाण जी ने कहा कि दल के द्वारा निर्णयों व कार्यकर्मो में सभी पदाधिकारीगण से लेकर कार्यकर्ता प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने कहा कि दल बेरोजगारों के आंदोलन को पूर्ण समर्थक देता हैं तथा दल बेरोजगारों के हितों के लिए खड़ा हैं। इस अवसर पर ए पी जुयाल, किशन मेहता, सुनील ध्यानी, दीपक गैरोला,मोहन असवाल, मीनाक्षी घिल्डियाल, समीर मुंडेपी,शिव प्रसाद सेमवाल, अनुपम खत्री,रमा चौहान,राजेंद्र बिष्ट, सुलोचना ईष्टवाल, उत्तरा पंत बहुगुणा, बिजेंद्र रावत, संजय डोभाल,युद्धवीर चौहान, उपेंद्र सकलानी, प्रमोद काला, विमल नौटियाल, सेवक सिंह राणा, मधु सेमवाल, यशोदा रावत, मीनू थपलियाल, मधु सेमवाल आदि उपस्थित रहे।

# पत्नी का जन्मदिन भूलना यहां अपराध, हो सकती है पांच साल की जेल



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 14 फ़रवरी , दुनिया में एक ऐसा भी देश है जहां पत्नी का जन्मदिन भूलना अपराध है. अगर आप पत्नी का जन्मदिन भूल गए तो इस देश के क़ानून में इसे महिला की भावनाओं को ठेस पहुंचना माना जाता है.आपको जेल की सजा भी हो सकती है. समोआ में अगर आप पत्नी का जन्मदिन भूल गए तो इस देश के क़ानून में इसे महिला की भावनाओं को ठेस पहुंचना माना जाता है ... समोआ में अगर आप पत्नी का जन्मदिन भूल गए तो इस देश के क़ानून में इसे महिला की भावनाओं को ठेस पहुंचना माना जाता है.... शादीशुदा लोग जानते ही होंगे कि पत्नी का जन्मदिन याद रखना कितना जरूरी है. क्योंकि अगर आप कभी भूले तो यह किसी मुसीबत से कम नहीं होगा. कई कहानयिां ऐसी भी आई हैं कि बर्थडे नहीं याद रहा तो पत्नी घर छोडकर चली गई. कई बार तो महीनों महीनों बात नहीं करतीं. पर आपको बता दें कि एक देश ऐसा भी है जहां वाइफ का बर्थडे भूलना अपराध है .. बकायदा कानून बनाकर इसका प्रावधान किया गया है. यहां तक क पिांच साल तक जेल भी है. इन कानून को जानने के बाद हंसी भी आती है और यह विचार भी आता है कि इनका पालन कैसे किया जाता होगा.



यह देश है सामोआ. अपनी खूबसूरती के लिए पूरी दुनिया में मशहूर यह आइलैंड अजीबोगरीब कानून के लिए अक्सर चर्चा में रहता है. यहां कानून बडे सख्त हैं और उनका पालन भी पूरी सख्ती से किया जाता है. यहां अगर कोई पति गलती से अपनी पत्नी का जन्मदिन भूल गया, तो यह एक बड़ा जुर्म माना जाता है. कोई पति यदि पहली बार पत्नी का जन्म दिन भूल जाए तो उसे वार्निंग दी जाती है. यदि वह अगली बार इसी गलती को दोहरा दे तो उसे जुर्माना भरना या जेल जाना पड़ सकता है.पत्नी अगर शिकायत करती है तो पति को पांच साल तक जेल हो सकती है.

**कई और जगह अनोखे कानून**

सिर्फ सामोआ में ही अजीबोगरीब कानून नहीं हैं. दुनिया के कई देश हैं जहां ऐसे कानून है जिसे जानकर आपको हंसी आ जाएगी. इनमें से कई कानून तो दशकों पुराने हैं, जिन्हें आज भी नहीं बदला गया है. नॉर्थ कोरिया में अगर नीली जींस पहनकर पहनकर निकले, तो ये गैरकानूनी माना जाता है. पूर्वी अफ्रीका में आप जॉगिंग पर नहीं जा सकते क्योंकि इसे देश में प्रतिबंधित किया गया है. ओक्लाहोमा में रहते हुए अगर आपने कुत्ते को देखकर मुंह बनाया तो आप जेल के अंदर पाए जाएंगे. जर्मनी के शहर में हाईवे पर यात्रा के दौरान तेल खत्म होने पर अगर आप गाड़ी रास्ते छोड़ देते हैं तो आपको जेल हो जायेगा इसकी वजह बताया जा रहा है कि वह के हाईवे काफी तेज है.

# अनोखा भारत : पति-पत्नी के मुस्कुराने पर 5 दिन की पाबंदी !




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 14 फ़रवरी , भारत ही नहीं दुनियाभर में महिलाओं के लिए अजीबोगरीब परंपराएं रही हैं. हिमाचल प्रदेश की मणिकर्ण घाटी के पिणी गांव में सदियों से चली आ रही एक परंपरा का पालन करते हुए आज भी महिलाएं कपड़े नहीं पहनती हैं. वहीं, पुरुषों के लिए भी इस गांव में एक सख्त परंपरा है, जिसका पालन करना उनके लिए भी अनिवार्य है. परंपरा के तहत महिलाएं साल में 5 दिन ऐसे होते हैं, जब वे एक भी कपड़ा नहीं पहनती हैं. वहीं, पुरुष इन 5 दिनों में शराब और मांग का सेवन नहीं कर सकते हैं.

क्यों शुरू हुई अजीब परंपरा ?

पुरुषों के लिए भी इस परंपरा को निभाना बहुत जरूरी माना जाता है. हालांकि, उनके लिए नियम कुछ अलग बनाए गए हैं. पुरुषों को सावन के इन्हीं पांच दिनों के दौरान शराब और मांस का सेवन नहीं करने की परंपरा है. कहा जाता है कि अगर किसी पुरुष ने पंरपरा को सही से नहीं निभाया तो देवता नाराज हो जाएंगे और उसका नुकसान कर देंगे. इन दोनों परंपराओं को निभाने के पीछे एक रोचक कहानी भी है, जिसे जानना जरूरी है. कहा जाता है कि 'लाहुआ घोंड' नाम के एक देवता पिणी गांव आए. देवता ने राक्षसों का वध किया और पिणी गांव को आतंक से बचाया. बताया जाता है कि ये सभी राक्षस गांव की सजी-धजी और सुंदर कपड़े पहनने वाली शादीशुदा महिलाओं को उठा ले जाते थे. देवताओं ने



राक्षसों का वध करके महिलाओं को इससे बचाया. इसके बाद से देवता और राक्षस के बीच 5 दिन तक महिलाओं के कपड़े नहीं पहनने की परंपरा चली आ रही है. माना जाता है कि अगर महिलाएं कपड़ों में सुंदर दिखेंगी तो आज भी राक्षस उन्हें उठाकर ले जा सकते हैं.

**पुरुषों के लिए भी हैं सख्त नियम**

सावन के इन पांच दिनों में पति और पत्नी एक दूसरे को देखकर मुस्करा तक नहीं सकते हैं. परंपरा के मुताबिक, दोनों पर इसकी पाबंदी लागू रहती है. महिलाओं को इस दौरान बस एक वस्त्र पहनने की अनुमति होती है. इस परंपरा को मानने वाली पिणी गांव की महिलाएं ऊन से बना एक पटका इस्तेमाल कर सकती हैं. पिणी गांव के लोग इस दौरान किसी भी बाहरी व्यक्ति को गांव में प्रवेश की अनुमति नहीं देते हैं. यहां तक बाहर के लोग उनके इस खास त्योहार में भाग भी नहीं ले सकते हैं.

# सौहार्दपूर्ण संवाद से अभ्यर्थियों की समस्याओं को हल करेंगे : राधा रतूड़ी , ACS

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 14 फ़रवरी , अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने मीडिया को जानकारी दी कि राज्य सरकार द्वारा आन्दोलनरत अभ्यर्थियों द्वारा उठाये गये सभी मुद्दों को गम्भीरता से लेते हुए स्वस्थ एवं सौहार्दपूर्ण संवाद से उनकी सभी समस्याओं को हल करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य सरकार अभ्यर्थियों के हितों के लिए सदैव आगे बढ़ कर बातचीत करने एवं समाधान निकालने हेतु तत्पर है। राज्य के युवाओं की सबसे बड़ी मांग थी की नकल विरोधी कानून को सख्त बनाया जाय। राज्य सरकार ने युवाओं की मांग को गम्भीरता से लेते हुए अत्यन्त अल्पावधि में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून उत्तराखण्ड में लागू किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कानून केवल राज्य सरकार द्वारा सरकारी भर्ती के लिए आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं पर लागू होगा।


स्कूलों और डिग्री कॉलेज की परिक्षाओं में यह लागू नहीं होगा। केंद्र सरकार की राज्य में आयोजित की जाने वाली भर्ती परीक्षाओं पर यह कानून लागू नहीं होगा । एसीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि युवाओं द्वारा यूकेएसएसएससी एवं लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में पाई गई अनियमितताओं के सम्बन्ध में चल रही एसआईटी एवं एसटीएफ की जांच का पर्यवेक्षण उच्च न्यायालय के न्यायधीश से करवाने की मांग की गई थी। इस पर राज्य सरकार ने अपनी सहमति दे दी है। युवाओं की अपील पर लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक को भी हटा दिया गया है। इस पद पर अन्य अधिकारी की तैनाती कर दी गई है। इस प्रकार से जो भी मुद्दे आन्दोलनरत अभ्यर्थियों ने सरकार एवं अधिकारियों के समक्ष रखे थे, उन सभी का निराकरण कर दिया गया है।

हाल ही में राज्य सरकार द्वारा बनाया गया नकल विरोधी कानून देश का सबसे सख्त कानून है। राज्य सरकार उद्देश्य है कि युवाओं के हितों से खिलवाड़ करने वाले या अनुचित तरीके इस्तेमाल करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ी सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही छात्रों को दिग्भर्मित करने, बरगलाने तथा भ्रामक खबरों के प्रचार-प्रसार करने वालों के विरूद्ध भी सख्त कार्यवाही की जाएगी। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि गत 12 फरवरी को आयोजित की गई राजस्व उप निरीक्षक (पटवारी /लेखपाल) की परीक्षा राज्य के 13 जनपदों के 498 परीक्षा केन्द्रों पर पूरी पारदर्शिता एवं शान्तिपूर्ण तरीके से आयोजित की गई। इस अवसर पर सचिव शैलेष बगौली, एडीजी (लॉ एण्ड आर्डर) वी. मुरूगेशन व अपर सचिव जगदीश प्रसाद काण्डपाल मौजूद रहे।



# एक ऐसे टीचर जिन्होंने घर-घर जाकर बच्चों को शिक्षा के लिए किया जागरूक

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




ब्यूरो रिपोर्ट , 14 फ़रवरी ,. आज हम आपको एक ऐसे टीचर के बारे में बताते है, जिन्होंने घर घर जाकर बच्चों को शिक्षा की राह दिखाई। 2005 जब प्राथमिक विद्यालय कमालपुर में उनकी पोस्टिंग हुई उस वक्त स्कूल की हालत बहुत खराब थी , दीपक कुमार प्रधानाचार्य का कहना है. 2005 में जब मैं इस स्कूल में आया तब ये स्कूल नया नया बना था। और स्कूल की बिल्डिंग के चारो और कच्चा था। किसी भी तरह की कोई भी सुविधा इस स्कूल में नहीं थी। प्रधानाचार्य का कहना है, मेरे सामने-सामने सब कुछ तैयार हुआ है। और मेरे मन में एक विचार भी था, की इन बच्चों के लिए में कुछ नया करूँ इन बच्चों को बेहतर शिक्षा दे सकू। उस समय में अकेला ही अपॉइंट हुआ था. 1 साल में अकेला ही रहा। और मेने नए एडमिशन किये उस समय तीन क्लॉस के बच्चों के एडमिशन कर लिए थे, तीनो क्लास में लगभग 60 बच्चे थे लेकिन उसके बाद भी मेरी मेहनत जारी रही , और मेरे साथ साथ बच्चों ने पढ़ाई में बहुत उत्साह दिखाया।

गांव कमालपुर में पहले एक प्राइवेट स्कूल था। लेकिन जब सरकारी स्कूल खोला गया तो कुछ दिन बाद ही प्राइवेट स्कूल बंद हो गया था। क्यू की सरकारी स्कूल में बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलने लगी थी। ये हमारी सफलता ही कही जाएगी क्यू की हम बच्चों को ऐसी शिक्षा दे पाए जो लोगों ने ये विचार किया है, की हमें अपने बच्चो को प्राइवेट स्कूल में नहीं सरकारी स्कूल में भेजना चाहिए। लेकिन 2005 में उस समय स्कूल की फंडिंग भी कम होती थी 1 साल में लगभग 7 से 8 हजार रुपए आ जाया करते थे। स्कूल के विकास के लिए उसी राशि में स्कूल में काफी कार्य करने पड़ते थे। लेकिन अब पिछले 3 या 4 साल से सरकारी अनुदान में भी वृद्धि हुई है। और उसके बाद खास तोर पर ज्यादा परिवर्तन देखने को मिला है।

जहां तक शिक्षा की बात करे बच्चो के लिए सुविधाओं की वो सरकार धीरे धीरे सही कर रहा है। जो पहले छात्र वृद्धि दी जाती थी। बच्चों को और वो केस मिला करती थी .उससे बच्चे ड्रेस बनाये या न बनाये या फिर अपने काम में बच्चे किताब ख़रीदे न खरीदे तो इनमे थोड़ा सही नहीं हो पाता था। लेकिन धीरे धीरे सरकार की नीतिया बदली। यहा स्टाफ भी आया लेकिन अभी भी में कहु यहां स्टाफ की कमी है क्यू की 3 क्लास है 6,7,8 जिनमे 150 बच्चें है, और हम तीन ही टीचर है. अगर इस स्कूल को 2 टीचर और मिल जाये तो और भी बेहतर बच्चों को शिक्षा दी जा सकती है। तीनो क्लास में 50-50 बच्चे है। और अब सुविधाओं की कोई ज्यादा समस्या नहीं है , ग्राम पंचायत द्वारा पहले स्कूल में टाइली करण करा दिया गया था। और बहार सीसी का निर्माण कर दिया गया था, और चारदीवारी का 2008 में ही निर्माण हो गया था ,और बाद में उसे ऊंचा करने का निर्माण ग्राम प्रधान ने किया। तो भौतिक सुविधाओं से तो ये लगभग ये पूर्ण हो चुका है। लेकिन जहां तक बात करे शिक्षा की तो बच्चों की शिक्षा को लेकर मुझे स्टाफ कम है। कमालपुर गांव के ग्रामवासियों का स्कूल को बहुत सहयोग मिलता है, कुछ गांव के लोगों ने स्कूल में कंप्यूटर सिलाई मशीन दान की है। तो इस लिए हमारा स्कूल ब्लॉक मुजफराबाद में एक अच्छा स्कूल माना जाता है।



अब से 3 साल पहले स्कूल को इंग्लिश मीडियम भी कर दिया गया था। और उसके बाद यह निमंत्रण परगरती देखने को मिल रही है। और अब तक गांव कमालपुर में जितने भी प्रधान रहे है. सब ने स्कूल को टोप पराइटी पर ही रखा है। और अभी की बात करे यहा प्राइमरी में स्मार्ट क्लास आ चुकी है। प्रोजेक्ट इन्वर्टर वगैरह यह लगे हुए है, और लगातार बच्चों को स्मार्ट क्लास यूज कराया जाता है , और जूनियर में स्पीकर वगैरह है। और दीक्षा अप्प जो सरकार द्वारा लॉन्च किया गया था। तो पुरे देश में ही इस एप्प से बच्चो को सभी योजनाओ के लिए बताया जाता है, जिसमे कांटेक्ट मुहैया कराया जाता है सरकार द्वारा , इसके अलावा भी काफी एप्प है , यह तक की जो दिव्यांग बच्चे है उनकी रिपोर्ट के लिए एक समर एप्प विकसित किया गया है। सरकार द्वारा जो की सभी टीचर को अपने फ़ोन में अपडेट करना पड़ता है। और हम उसमें सारी डिटेल दिव्यांग बच्चों की रखते है. और उन्हें मिलने वाली सुविधाएं उनकी पढ़ाई की स्थिति रखते है। और अलग से समय समय पर एक टीचर उनके लिए आते है। जो उनकी देख भल करते है और उनकी समस्या का समाधान करते है।

और अब सरकारी योजनाओं की भी कोई कमी नहीं है ,और सकरी फंडिंग की भी कोई कमी नही है। और जो 19 बिंदु सरकार की प्रोइटी पर है , हर स्कूल में ये 19 सुविधाएं जरूर होनी चाहिये। अगर में अपने स्कूल में कहूँ 19 सुविधाएं में से 1 या 2 सुविधा ही रही है जैसे की बच्चों को खाना खाने के लिए किचन सेट है। दिव्यांग बच्चों के लिए टॉयलेट की आवश्यकता है। ग्राम प्रधान से इस बारे में लगातार बात होती रहती है ,तो अगले वर्ष तक ये सब सुविधा भी हमारे पास होगी। और जिला सहारनपुर में शिक्षा के स्तर पर हमारा स्कूल एक अच्छी भूमिका निभा रहा है।

# गंगा घाटों पर सफाई का विशेष ध्यान दें : डीएम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




हरिद्वार। जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय ने एमएनए को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 18 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुये घाटों सहित पूरे क्षेत्र की साफ-सफाई पर कांवड़ मेला की तरह विशेष ध्यान दिया जाए। मंगलवार को जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय ने शारदीय कांवड़ महाशिवरात्रि पर्व के देखते हुए हरकी पैड़ी, शंकराचार्य चौक, गंगा घाटों, पार्कों, लाइट व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया। शंकराचार्य चौक पहुंचे जिलाधिकारी ने पाया कि जगह-जगह खुदाई करने की वजह से आसपास की भूमि ऊबड़-खाबड़ हो गई है। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य चौक पर दिल्ली से आने वाले नेशनल हाईवे का प्रवेश प्वाइंट है। उन्होंने मौके पर ही हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिये कि एक माह के भीतर शंकराचार्य चौक के आसपास की लैंड स्केपिंग कर चौक को सुन्दर बनाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी आसपास के पार्कों, लाइट व्यवस्था, पानी, शौचालय, साफ-सफाई, कानून-व्यवस्था आदि का निरीक्षण करते हुये हरकीपैड़ी पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया तथा वहां की सम्पूर्ण व्यवस्थाओं का शारदीय कांवड़/महाशिवरात्रि पर्व की दृष्टि से जायजा लेते हुये अधिकारियों को सभी व्यवस्थायें दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पीएल शाह, एसडीएम पूरन सिंह राणा, एमएनए दयानंद सरस्वती, रेडक्रास सचिव नरेश चौधरी, सहायक अभियन्ता एचआरडीए पंकज पाठक आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



## डीजीपी अशोक कुमार ने की राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में डीजीपी अशोक कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने डीजीपी से प्रदेश की कानून एवं व्यवस्था सहित विभिन्न समसामयिक विषयों पर जानकारी ली।

## रुद्रप्रयाग के युवा व्यापारी रविन्द्र नेगी ने ड्रीम इलेवन में जीते एक करोड़

रुद्रप्रयाग। रुद्रप्रयाग नगर में एक युवा व्यापारी ड्रीम इलवेन में लॉटरी में जीत कर करोड़पति बन गया है। उसके साथियों ने नगर में आतिशबाजी करते हुए मिठाई बांटकर खुशी जताई है। युवा ने दो टीमों पर लॉटरी लगाई थी एक सेफ टीम थी और एक रिस्क वाली टीम। रिस्क वाली टीम में सफलता पाते हुए वह एक नम्बर पर रहे। रुद्रप्रयाग नगर के स्थानीय युवा व्यापारी रविन्द्र नेगी ने ड्रीम इलवेन में दो टीमों पर लॉटरी लगाई। उन्हें यह उम्मीद नहीं थी कि वह रातों रात करोड़पति बन जाएंगे। रविन्द्र ने बताया कि वह 2018 से एक शौक के तौर पर ड्रीम इलेवन में टीम बनाकर खेला करते हैं। हालांकि उन्हें इससे ज्यादा लालच नहीं था किंतु करोड़पति बनने पर खुशी जरूर हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि वह इस खेल पर ज्यादा धन भी खर्च नहीं करते थे। महज दोस्तों के साथ कुछ समय ड्रीम इलवेन के जरिए समय जरूर गुजारा करते थे। कहा कि नगर में उनका काफी पुराने समय से व्यापार है और वह आगे भी व्यापार ही करना चाहेंगे। युवा व्यापारी के करोड़पति बनने की खबर मिलते ही उनके साथियों ने नगर में जमकर आतिशबाजी की। मिठाई बांटी और खुशी का इजहार किया।

## मक्कूऔर पाव-जगपुड़ा में वायरल बुखार से लोग पीड़ित, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाने की मांग

रुद्रप्रयाग। ऊखीमठ क्षेत्र के ग्राम पंचायत मक्कू व पाव-जगपुड़ा में लोग वायरल बुखार से पीड़ित है। ग्राम प्रधान मक्कू ने लोगों की समस्या को देखते हुए क्षेत्र में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाने की मांग की है। वायरल बुखार से बच्चे, बुर्जुगों को परेशानी हो रही है। क्षेत्र में स्वास्थ्य केंद्र नहीं होने से भी दिक्कतें और बढ़ रही हैं। वाहटएप के जरिए जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन में मक्कू ग्राम पंचायत के प्रधान विजयपाल नेगी ने कहा कि तुंगनाथ क्षेत्र में स्थित मक्कू, पाव-जगपुडा में आज भी प्राथमिक स्वास्थ्य उपचार की व्यवस्था नहीं है। दोनों गांवों में वायरल बुखार से कुछ लोग पीड़ित है। खांसी-बुखार के कारण अधिकांश बच्चे विद्यालय में नहीं जा पा रहे हैं। जिससे बच्चों के पठन-पाठन पर भी बुरा असर पड रहा है।

## कर्णप्रयाग के प्रभावितों को भी प्री फेब्रिकेटड घर बनाए सरकार

चमोली। नगर के बहुगुणानगर सहित अन्य जगह हो रहे भूधंसाव के लिए प्रशासन और विधायक अनिल नौटियाल ने प्रभावितों के साथ बैठक की। इस दौरान प्रभावितों ने मांग की कि जब तक भूधंसाव का स्थायी हल नहीं निकलता तब तक सरकार उनके लिए भी जोशीमठ की तर्ज पर प्री फेब्रिकेटेड घर बनाए। जिससे प्रभावित पुनर्वास तक सुरक्षित ढंग से रह सके। मंगलवार को मंडी समिति परिसर में आयोजित बैठक में बहुगुणानगर के आपदा प्रभावित पंकज डिमरी, सभासद हरेंद्र बिष्ट, बीपी सती, पुरूषोत्तम कोठियाल, पुष्कर रावत, कमला रतूड़ी सहित अन्य ने कहा कि बहुगुणानगर में करीब 38 घर भूधंसाव की जद में है। करीब दस माह से चल रही समस्या का अब तक कोई हल नहीं निकल पाया है। हालांकि कई बार यहां सर्वे कर दिया गया है। ऐसे में स्थायी समाधान तक आपदा प्रभावितों के लिए प्री फेब्रिकेटेड घर बनाएं जाएं।

## चारधाम यात्रा का सफर होगा महंगा

ऋषिकेश। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा का सफर इस बार महंगा हो जाएगा। सात परिवहन कंपनियों की संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति ने सर्वसम्मति से प्रतिधाम का यात्री किराया पांच प्रतिशत बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस वृद्धि के साथ चारधाम यात्रा का साधारण बस का प्रति यात्री किराया 3,938 रुपये हो जाएगा। अभी तक यह किराया 3750 रुपये प्रति यात्री था। मंगलवार को सुदामा मार्ग स्थित गढ़वाल मोटर्स ऑनर्स एसोसिएशन के कॉम्प्लेक्स में संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति से जुड़ी सात परिवहन कंपनियों के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। परिवहन कंपनियों के पदाधिकारियों ने डीजल, पेट्रोल, स्पेयर पार्ट्स, इंश्योरेंस, रोड टैक्स आदि में पिछले दो-तीन सालों में हुई वृद्धि का हवाला देते हुए चारधाम यात्रा का किराया बढ़ाए जाने का सुझाव रखा। बताया कि महंगाई के बाद भी यात्रा किराये में एक पैसे की वृद्धि नहीं की गई। इससे बस मालिकों को यात्रा में वाहन संचालित करना नुकसान का सौदा साबित हो रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### बजट पर चर्चा कार्यक्रम हुआ आयोजित

विकासनगर। भारतीय जनता पार्टी ने केंद्रीय बजट की खूबियों को आमजन तक पहुंचाने के लिए बजट पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर पार्टी नेताओं ने पदाधिकारियों को बजट की बारीकियां बताईं। मंगलवार को विकासनगर के एक वेडिंग प्वाइंट में आयोजित बजट पर चर्चा कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। यह बात विपक्ष को हजम नहीं हो रही है। इससे उनमें बौखलाहट मची हुई है। कहा कि केंद्र सरकार का आम बजट सामाजिक, आर्थिक तौर पर देश के हर वर्ग को ध्यान में रख कर पेश किया गया है। बजट में समाज के अंतिम व्यक्ति के सामाजिक, आर्थिक उत्थान का ध्यान रखा गया है। इसके साथ ही बजट में महिला सशक्तीकरण के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं। केंद्र सरकार देश की आधी आबादी को विकास की मुख्यधारा से जोडने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में हुए भर्ती घोटालों पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि सरकार ने नकल पर कठोर कानून बनाया है, यह प्रदेश सरकार की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि विपक्ष युवाओं को गुमराह कर रहा है, लेकिन भाजपा संगठन और प्रदेश सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देगी। इस दौरान विधायक मुन्ना चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष शांति जुवांठा, प्रदेश उपाध्यक्ष नीरू देवी, मंडल अध्यक्ष विपुल मूसला, खजान नेगी, विनोद कश्यप, अमित डबराल, संतोष रावत, सूरत सिंह, नीरज चौहान आदि मौजूद रहे।

### बिजली की लाइन लॉस कम करने की दिशा में काम करे सरकारः मोर्चा

विकासनगर। प्रदेश में बिजली संकट के बीच जन संघर्ष मोर्चा ने लाइन लॉस को कम करने का सुझाव दिया है। अस्पताल रोड स्थित कैंप कार्यालय में मीडिया से वार्ता करते हुए मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ नेगी ने कहा कि बीते वर्ष सरकार और ऊर्जा निगम की ओर से होमवर्क नहीं किए जाने के कारण निगम को आर्थिक नुकसान हुआ था। कहा कि मोर्चा ने गत वर्ष लगातार सरकार को चेताने का काम किया गया था। बावजूद इसके सरकार ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और महंगे दामों पर सरकार को लगभग 1000 करोड़ की बिजली खरीदनी पड़ी और इसका भार जनता पर पड़ा। कहा कि सरकार को अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करनी चाहिए। गत वर्ष विद्युत कटौती की वजह से बिजली पर आधारित कारोबार करने वाले व्यापारियों समेत आमजन को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ा था और लाइन लॉस नहीं रोक पाने की वजह से लोग बिजली के महंगे दाम चुका रहे हैं।

### महिलाओं से घरेलू हिंसा सभ्य समाज पर कलंकः वरुणा

विकासनगर। बाल विकास परियोजना सहसपुर की ओर से मंगलवार को ब्लॉक मुख्यालय के सभागार में घरेलू हिंसा निवारण अधिनियम पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ ही ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी (प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी) वरुणा अग्रवाल ने कहा कि घरेलू हिंसा सभ्य समाज पर एक कलंक है। इसे दूर करने के लिए खुद महिलाओं को ही आगे आना होगा। अपने अधिकारों को लेकर महिलाओं का जागरूक होना जरूरी है। कहा हिंसा करना अपराध है, लेकिन हिंसा को सहना और उसके खिलाफ आवाज नहीं उठाना भी अपराध है। उन्होंने कहा कि घर की चाहरदीवारी प्रत्येक व्यक्ति के लिए सुरक्षित मानी जाती है, जब चाहरदीवारी के अंदर ही महिला सुरक्षित नहीं रहेगी तो बाहर सुरक्षा की कल्पना करना बेमानी है। उन्होंने महिलाओं को घरेलू हिंसा के खिलाफ कानून में दिए गए प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही बताया कि अपने अधिकारों की रक्षा के लिए शिक्षा सबसे बड़ा हथियार है। लिहाजा बेटियों को उच्च शिक्षित करना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता गीता मौर्य ने महिलाओं को स्वरोजगार की योजनाओं की जानकारी दी। बाल विकास परियोजना अधिकारी देवेंद्र थपलियाल ने सरकार की ओर से महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया।

### ग्रामीणों ने किया मोबाइल टावर लगाए जाने का विरोध

ऋषिकेश। जौलीग्रांट क्षेत्र के लोगों ने क्षेत्र में मोबाइल टावर लगाए जाने का विरोध किया है। ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर निर्माणाधीन मोबाइल टावर को मानकों के विरुद्ध बताया। मंगलवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट के समीप लग रहे मोबाइल टावर को लगाने के विरोध में ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। भाजपा नेता संपूर्ण रावत ने कहा कि यह टावर मानकों को ताक पर रखकर रिहायशी इलाके में मात्र दो बिस्वा जमीन खरीद कर लगाया जा रहा है। इस भूमि से सटी भूमि में पहले से ही मकान बने हुए हैं।

# डीएम युगल किशोर पन्त ने हल्द्वानी-रामपुर हाईवे के



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रूद्रपुर 14 फरवरी, जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने हल्द्वानी-रामपुर हाईवे के चैड़ीकरण हेतु एनएच तथा लोनिवि के अभियंताओं के साथ विकास भवन से लेकर आर्क होटल तक स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि रोड पर वाहनों के बढ़ते दबाव को कम करने, संभावित वाहन दुर्घटनाओं को कम करने एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने के लिए रोड चौड़ीकरण एवं रोड के दोनो ओर ड्रेनेज सिस्टम, सर्विस रोड, ग्रीन बेल्ट, फुटपाथ के रूप में व्यवस्थित ढंग से विकसित किया जाये। जिलाधिकारी ने कलैक्ट्रेट के सामने, पीएनबी बैंक के सामने, रोडवेज बस स्टेशन के पास, उत्तराखण्ड ग्राम्य विकास अभिकरण तथा आर्क होटल के पास फीता डलवाकर अपने समाने नाप-जोख कराते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, डिप्टी मैनेजर तकनीकि एनएचएआई मीनू, अधिशासी अभियंता लोनिवि विनोद प्रसाद डोबरियाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


# रुद्रप्रयाग के युवा व्यापारी रविन्द्र नेगी ने ड्रीम इलेवन में जीते एक करोड़

रुद्रप्रयाग। रुद्रप्रयाग नगर में एक युवा व्यापारी ड्रीम इलवेन में लॉटरी में जीत कर करोड़पति बन गया है। उसके साथियों ने नगर में आतिशबाजी करते हुए मिठाई बांटकर खुशी जताई है। युवा ने दो टीमों पर लॉटरी लगाई थी एक सेफ टीम थी और एक रिस्क वाली टीम। रिस्क वाली टीम में सफलता पाते हुए वह एक नम्बर पर रहे। रुद्रप्रयाग नगर के स्थानीय युवा व्यापारी रविन्द्र नेगी ने ड्रीम इलवेन में दो टीमों पर लॉटरी लगाई। उन्हें यह उम्मीद नहीं थी कि वह रातों रात करोड़पति बन जाएंगे। रविन्द्र ने बताया कि वह 2018 से एक शौक के तौर पर ड्रीम इलवेन में टीम बनाकर खेला करते हैं। हालांकि उन्हें इससे ज्यादा लालच नहीं था किंतु करोड़पति बनने पर खुशी जरूर हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि वह इस खेल पर ज्यादा धन भी खर्च नहीं करते थे। महज दोस्तों के साथ कुछ समय ड्रीम इलवेन के जरिए समय जरूर गुजारा करते थे। कहा कि नगर में उनका काफी पुराने समय से व्यापार है और वह आगे भी व्यापार ही करना चाहेंगे। युवा व्यापारी के करोड़पति बनने की खबर मिलते ही उनके साथियों ने नगर में जमकर आतिशबाजी की। मिठाई बांटी और खुशी का इजहार किया।

## मक्कूऔर पाव-जगपुड़ा में वायरल बुखार से लोग पीड़ित, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाने की मांग

रुद्रप्रयाग। ऊखीमठ क्षेत्र के ग्राम पंचायत मक्कू व पाव-जगपुड़ा में लोग वायरल बुखार से पीड़ित है। ग्राम प्रधान मक्कू ने लोगों की समस्या को देखते हुए क्षेत्र में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाने की मांग की है। वायरल बुखार से बच्चे, बुर्जुगों को परेशानी हो रही है। क्षेत्र में स्वास्थ्य केंद्र नहीं होने से भी दिक्कतें और बढ़ रही हैं। वाहट्एप के जरिए जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन में मक्कू ग्राम पंचायत के प्रधान विजयपाल नेगी ने कहा कि तुंगनाथ क्षेत्र में स्थित मक्कू, पाव-जगपुडा में आज भी प्राथमिक स्वास्थ्य उपचार की व्यवस्था नहीं है। दोनों गांवों में वायरल बुखार से कुछ लोग पीड़ित है। खांसी-बुखार के कारण अधिकांश बच्चे विद्यालय में नहीं जा पा रहे हैं। जिससे बच्चों के पठन-पाठन पर भी बुरा असर पड रहा है। उन्होंने कहा कि गांव से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ऊखीमठ करीरब 33 किमी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अगस्त्यमुनि करीब 35 किमी दूर हैं। ऐसे में लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए भी मुश्किलें उठानी पड़ रही है। कई बार क्षेत्रीय लोगों ने क्षेत्र में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की मांग की है किंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई है। नवम्बर 2021 को क्षेत्र में हुए तुंगेश्वर महोत्सव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी अस्पताल खोलने की घोषणा भी की थी, किंतु उच्च स्तर से भी घोषणा पर कार्रवाई नहीं हुई है। कहा कि वायरल बुखार के प्रकोप को रोकने के लिए क्षेत्र में एक्सरे, खून की जांच सहित शीघ्र एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जाए ताकि लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। इधर, सीएमओ डॉ एचसीएस मार्तोलिया ने बताया कि उन्हें इस बात की सूचना नहीं है किंतु मामले में संज्ञान में आया तो शीघ्र स्वास्थ्य टीम भेजी जाएगी।

# संपादकीय



## लाभदायक है स्वतंत्र विदेश नीति

आज भारत समेत पूरी दुनिया महंगाई से पीड़ित है, पर अमेरिका और यूरोपीय देशों ही नहीं, बल्कि अधिकतर देशों की तुलना में भारत में महंगाई की दर काफी कम बनी हुई है. यूरोपीय समुदाय के देशों में दिसंबर में महंगाई की औसत दर 10.4 प्रतिशत थी. यह दर हंगरी में 25, पोलैंड में 15.3, इटली में 12.3, नीदरलैंड में 11, ऑस्ट्रिया में 10.5 और पुर्तगाल में 9.8 प्रतिशत थी. अमेरिका में महंगाई दर 6.5 प्रतिशत बनी हुई है, जो जून, 2022 में नौ प्रतिशत तक पहुंच गयी थी. दुनिया में बढ़ती इस महंगाई के पीछे तेल की बढ़ती कीमतें हैं. हालांकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था तेल की वैश्विक कीमतों से प्रभावित नहीं होती, तो भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में महंगे तेल के कारण अमेरिका में महंगाई बढ़ी है. यूरोप में ऊर्जा (तेल, पेट्रोल आदि) में महंगाई 40 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी है. यूरोप में महंगाई बढ़ने का दूसरा बड़ा कारण खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि है. भारत में मुद्रास्फीति जो पहले भी अमेरिका और यूरोप से कम थी, दिसंबर में घटकर 5.72 प्रतिशत हो गयी थी, जो जनवरी में फिर कुछ बढ़ गयी है. गौरतलब है कि पिछले कई महीनों से पेट्रोल, डीजल की कीमतें बढ़ नहीं रही हैं. इसका मुख्य कारण यह है कि भारत रूस से सस्ते दामों में कच्चा तेल खरीद रहा है. यह खरीद बाजार के कारण नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्र विदेश नीति के कारण संभव हुई है. आर्थिक सिद्धांतों के अनुसार महंगाई दर बढ़ने का पहला असर ब्याज दरों पर पड़ता है. और, ब्याज दरों में वृद्धि से आर्थिक संवृद्धि में बाधा आती है. रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अमेरिका और यूरोपीय देशों द्वारा विभिन्न प्रकार के आर्थिक प्रतिबंध लगाने के बाद ज्यादातर मुल्कों द्वारा रूस से तेल और गैस की खरीद प्रभावित हो गयी. अमेरिका और यूरोपीय देशों ने शर्त लगा दी कि रूस से तेल और गैस खरीदने पर बैंकिंग चैनल बाधित कर दिया जायेगा और वे देश भुगतान नहीं कर सकेंगे. नवंबर में अमेरिका और यूरोपीय देशों ने रूस के तेल की न्यूनतम कीमत की शर्त भी लगा भी दी. अमेरिका एवं यूरोपीय देशों का स्विफ्ट भुगतान व्यवस्था पर एकाधिकार है और वे इसे एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करते हैं. लेकिन भारत ने उनके प्रतिबंधों को धता दिखाते हुए रूस से तेल खरीदना जारी रखा. भारत रूस से आज 33.28 डॉलर की छूट पर तेल खरीद रहा है. अमेरिका की अगुवाई वाले जी-7 राष्ट्रों द्वारा तय न्यूनतम कीमत 60 डॉलर प्रति बैरल से ज्यादा कीमत पर ही भारत रूस से तेल खरीद रहा है. यूरोपीय देशों ने जब रूस से तेल खरीदने की सूरत में पश्चिमी देशों के जहाजों और बीमा सेवाओं के उपयोग पर रोक लगायी, तो भारत ने कहा कि हम गैर-पश्चिमी पोत सेवाओं से ही रूस से तेल मंगा लेंगे.

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# समाज कल्याण मंत्री चंदन राम दास ने जिला योजना की वर्चुअल समीक्षा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



बागेश्वर। समाज कल्याण मंत्री चंदन राम दास ने जिला योजना की वर्चुअल समीक्षा की। मार्च से पूर्व कार्यों में प्रगति लाकर शत-प्रतिशत धनराशि व्यय करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए। सभी अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। दास ने बताया कि प्रसाद योजना के तहत बागनाथ मंदिर का सौंदर्यीकरण व जीर्णोद्धार कार्यक्रम होगा। इसके लिए 49 करोड़ की सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गई है। डीपीआर तैयार कराने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री दासे सडक़ वन भूमि प्रस्तावों व लंबित मुआवजे प्रकरणों को प्राथमिकता से निस्तारित करने को कहा। बागेश्वर व गरुड़ के ड्रेनेज प्लान बनाने के निर्देश सिंचाई विभाग को दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी का सीजन आने वाला है इसलिए पेयजल योजनाओं व पेयजल लाइनों के मरम्मत कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करें। उन्होंने प्रसाद योजना के अंतर्गत नुमाईशखेत रामलीला भवन, गोमतीपुल से शवदाह स्थल तक पैदल मार्ग व बागनाथ की ओर जाने वाले पैदल मार्ग का चौड़ीकरण भी डीपीआर में रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को गोट वैली योजना में त्वरित कार्य करने, उद्यान अधिकारी को कीवी, सेब, बेमोसमी सब्जी के साथ ही मसरूम उत्पादन के निर्देश दिए।जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने बताया कि जिला योजना परिव्यय 43.75 करोड़ के सापेक्ष विभागों द्वारा 30.50 करोड़ व्यय कर दिया गया है जो योजना का लगभग 70 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि जिला योजना की तीसरी किश्त जनवरी अंत में जारी की गयी थी इसलिए कई विभागों के कार्य पूर्ण हो चुके है मगर भुगतान हेतु बिल लंबित हैं।

## द्वाराहाट पॉलीटेक्निक में जोनल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

अल्मोड़ा। राजकीय पॉलीटेक्निक द्वाराहाट में दिवसीय जोनल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ मंगलवार को संस्थान के क्रीड़ा मैदान में हुआ। विधायक मदन सिंह बिष्ट और प्रावधिक शिक्षा के उपनिदेशक डॉ. राजेश उपाध्याय ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम शुरू कराया। इससे पूर्व खिलाडियों ने अतिथियों को मार्च पास्ट कर सलामी दी। तीन दिवसीय खेलों में अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ के 12 संस्थानों के 150 से ज्यादा खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

पहले दिन के खेलों में लम्बीकूद, ऊंचीकूद, भाला फेंक, गोला फेंक, बैटमिंटन, टीटी आदि प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई। देर सायं से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ। विधायक मदन सिंह बिष्ट ने कहा कि खेलों से अनुशासन की प्रेरणा के साथ स्वस्थ्य जीवन शैली और रोजगार के अवसर भी प्राप्त होते हैं। विधायक बिष्ट ने इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलीटेक्निक क्षेत्र की पेयजल समस्या का समाधान करने का आश्वासन देते हुए 2 सोलर पम्प एवं 20 सोलर स्ट्रीट लाइट देने की घोषणा की। संचालन पंकज कुमार और आकांक्षा शर्मा ने सयुंक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अल्मोड़ा रेखा असवाल, नेहा बोरा, शिवाली गहलोत, मिनी ओझा, बिपिन वर्मा, हिमांशु चन्याल, मनीष देवली, दुष्यंत कुमार, नारायण रावत आदि मौजूद रहे।

## राजकीय बालिका इंटर कालेज सारकोट में पुस्तक मेला का आयोजन

अल्मोड़ा। शिक्षा विभाग और अजीम प्रेमजी फांउडेशन की ओर से राजकीय बालिका इंटर कालेज सारकोट में पुस्तक मेला का आयोजन किया गया। जिसमें देश-विदेश के उत्कृष्ट, सुरुचिपूर्ण एवं जीवनपयोगी साहित्य उपलब्ध कराने के साथ ही कई स्टॉल लगाये गये। स्टालों के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में गणित सीखने, गांधी पोस्टर प्रदर्शनी, कहानी सुनने सुनाने की कला व लैंगिक भेदभाव के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी विनय कुमार ने कहा कि बच्चों में पढने की संस्कृति विकसित करने में इस तरह के मेले काफी कारगर साबित होते हैं।

# सीएम धामी ने दिए पौड़ी के सर्वांगीण विकास हेतु विशेष कार्य योजना बनाये जाने के निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून। मुख्यमन्त्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा दिनांक 12 एवं 13 फरवरी 2023 को गढ़वाल मण्डल में मुख्यालय पौड़ी का सघन दौरा किया गया। इस दौरान जहाँ एक और मुख्यमन्त्री द्वारा अन्त्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना का पूरे प्रदेश में एक साथ शुभारम्भ करने हेतु पौड़ी को चुना गया, वहीं दूसरी और करोड़ों की लागत के विभिन्न विभागीय योजनाओं का शुभारम्भ एवं लोकार्पण भी किया गया। मुख्यमन्त्री द्वारा पौड़ी क्षेत्र के विकास के लिए कई घोषणा भी की गयी। साथ ही पौड़ी की निरन्तर हुई उपेक्षा के दर्द को गहराई से महसूस किया गया।

दिनांक 14 फरवरी को पौड़ी दौरे के अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा करते हुए मुख्यमन्त्री द्वारा पौड़ी के ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व के साथ-साथ प्राकृतिक सुन्दरता की और अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया और पौड़ी के सर्वागीण विकास के लिए विशेष कार्य योजना बनाये जाने के निर्देश दिये। साथ ही पौड़ी के गढ़वाल मण्डल मुख्यालय होने के बावजूद मण्डलीय स्तरीय कार्यालयों का मण्डल मुख्यालय से संचालित न होने का संज्ञान लेते हुए सचिव, मा0 मुख्यमन्त्री/जनपद के प्रभारी सचिव को निर्देशित किया है कि एक सप्ताह में अध्ययन करके यह रिपोर्ट प्रस्तुत करें कि कौन-कौन से ऐसे मण्डल स्तरीय कार्यालय है, जिनका कार्यालय भवन पौड़ी में स्थापित है या स्थापित होना चाहिए और उनका संचालन मण्डल कार्यालय से न होकर राजधानी देहरादून या अन्यत्र से हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि ऐतिहासिक दृष्टि से प्रशासनिक रूप से पौड़ी का विशेष महत्व रहा है और इसी ऐतिहासिकता की दृष्टि से पौड़ी को गढ़वाल मण्डल का मण्डल मुख्यालय बनाया गया। समय के साथ पौड़ी से धीरे-धीरे मण्डल स्तरीय कार्यालयों का देहरादून या अन्यन्त्र स्थानों से संचालित होने की परम्परा शुरू हुई, जिससे पौड़ी मण्डल मुख्यालय का महत्व कम होने लगा।

मुख्यमन्त्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा पौड़ी की इस पीड़ा को महसूस किया है और पौड़ी का भ्रमण खत्म होने के तत्काल बाद ही राजधानी देहरादून में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पौड़ी के विकास की कार्य-योजना के साथ-साथ पौड़ी की ऐतिहासिकता और गौरव को पुनः स्थापित किये जाने की आवश्यकता पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमन्त्री के इस प्रयास से उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले वर्षों में पौड़ी अपने गौरव को पुनः प्राप्त कर सकेगा।

# बार एसोसिएशन देहरादून चुनाव के लिए नामांकन शुरू



देहरादून। बार एसोसिएशन देहरादून के चुनाव के लिए आज नामांकन हो रहे हैं। नामांकन की प्रक्रिया दोपहर 2 बजे तक चलेगी। चुनाव प्रभारी वरिष्ठ अधिवक्ता एलवी गुरुंग ने बताया कि अभी तक कई प्रत्याशियों ने नामांकन कर दिया है। नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद कल नाम वापसी और इसके बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी होगी।

# डीएम और सीडीओ ने लिया सोनी और भैंसर्क गांव का निरीक्षण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई टिहरी। डीएम डा सौरभ गहरवार और सीडीओ मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से ग्राम पंचायत सोनी व भैंसर्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने गांव में सिंचाई पाईप लाईन बिछाने और इच्छुक काश्तकारों को पालीहाउस एवं इंटीग्रेटेड फार्मिंग का लाभ देने के निर्देश दिए। वन पंचायतों के कार्य भी प्राथमिकता से करवाने के निर्देश दिए। डीएम ने गांव में जी-20 सम्मेलन को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि जी-20 सम्मेलन के दौरान अपने उत्तराखंड की संस्कृति, रीति रिवाज, खानपान, पहनावा व लोक कला आदि को आगे लाने का एक अच्छा मौका है। जी 20 कामों को लेकर सीडीओ को ड्रोन सर्वे करवाने को कहा। कहा कि जो भी कार्य किये जाने हैं, उनका 3डी डिजाइन एवं पीपीटी तैयार करवा लें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंचायती घर, स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र व गढ़वाल की शैली में बने घर का मौका मुआवना कर आगंतुकों का स्वागत से लेकर सम्मेलन के खत्म होने तक की सभी व्यवस्थाओं को लेकर प्लान कर लें। प्लान पर अभी से काम शुरू कर दें। जी 20 के कामों को अधिकारी प्राथमिकता से बिना लापरवाही के करें। इस मौके पर डीडीओ सुनील कुमार, सीएओ अभिलाषा भट्ट, डीपीआरओ एमएम खान, एडीपीआरओ राकेश आदि मौजूद रहे।

# स्कूली छात्रों को एसडीआरएफ ने दिया प्रशिक्षण

नई टिहरी। एसडीआरएफ की टीम ने न्यू टिहरी इंटरनेशनल स्कूल पैन्यूला में उपस्थित छात्र-छात्राओं तथा स्कूल स्टाफ को आपदा प्रबंधन, राहत बचाव के तरीकों, प्राथमिक उपचार, सीपीआर, इंप्रोवाइज तरीके से स्ट्रेचर बनाना, विक्टिम को लिफ्टिंग-मूविंग के तरीके, रेस्क्यू उपकरणों की उचित जानकारी और प्रशिक्षण दिया। यह जानकारी देते हुए एसडीआरएफ के निरीक्षक कविंद्र सजवाण ने बताया कि रिवर क्रासिंग (जीप लाइन) का डेमोंस्ट्रेशन भी मौके पर कराया गया। जिसमें स्कूल स्टाफ सहित छात्र-छात्राओं ने पूरी तन्मयता से प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। छात्रों को दैनिक जीवन मे आने वाले प्राथमिक उपचार का विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य व समस्त स्टाफ ने एसडीआरएफ इस के जनजागरूकता कार्यक्रम के लिए आभार जताया। इस मौके पर एसडीआरएफ टीम में हेड कॉन्स्टेबल पंकज खरोला, राकेश रावत, अजय सिंह, अनिल नेगी, प्रदीप सिंह, कवेंद्र आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिद्वार। एसएमजेएन पीजी कॉलेज में मंगलवार को पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार बत्रा ने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में यह दिवस त्याग एवं बलिदान के रूप में जाना जाएगा। देश के शहीदों ने अपना सर्वोच्च बलिदान न्यौछावर कर देश के प्रति अपने प्यार एवं अनुराग को प्रदर्शित किया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. संजय माहेश्वरी ने कहा कि देश का प्रत्येक नागरिक शहीदों एवं उनके परिवारों का हमेशा कृतज्ञ रहेगा। राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष विनय थपलियाल ने भी विचार रखे। अनन्या भटनागर ने संगीत के माध्यम से शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। विशाल, अर्शिका, द्वारा भी शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किये गए। इस अवसर पर उपस्थित छात्र छात्राओं एवं शिक्षणेतर कर्मचारियों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### महिला से छेड़छाड़ व मारपीट करने का आरोपी गिरफ्तार

हरिद्वार। सिडकुल थाना क्षेत्र के बहादराबाद-सिडकुल फोरलेन स्थित डैंसो चौक पर एक महिला से गाली-गलौज, मारपीट और अश्लील हरकत करने के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित को पुलिस ने डैंसो चौक से गिरफ्तार किया है। मेडिकल जांच के बाद आरोपी को कोर्ट से जेल भेज दिया है। सोमवार को डैंसो चौक स्थित एक महिला ने युवक पर छेड़छाड़ मारपीट करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार ने बताया कि महिला की शिकायत पर विजय सिंह उर्फ ठाकुर गोत्र शेषनाथ निवासी थाना डबरा ग्वालियर मध्य प्रदेश हाल कृष्णा विहार कॉलोनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### स्वामी प्रसाद मौर्य को जेल भेजे सरकारः रविंद्रपुरी

हरिद्वार। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविन्द्रपुरी ने सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की है। मंगलवार की शाम प्रेस को जारी बयान में श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य लगातार सनातन धर्म व संतों के प्रति अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। केंद्र सरकार को उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर गिरफ्तार कर जेल भेजना चाहिए। रविंद्र पुरी ने कहा कि संतों के जप तप से भारत निंरतर प्रगति कर रहा है। संत महापुरूषों ने सदैव समाज को एकसूत्र में पिरोकर देश की एकता अखंडता को मजबूत करने में अपना योगदान दिया है। जिस देश में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम और महादेव शिव का वास हो। उस देश में सनातन धर्म व संत महापुरूषों का उपहास उड़ाने वालों को बख्शा नहीं किया जाएगा। महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी महाराज व निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरी महाराज ने भी केंद्र सरकार से स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

### सास की हत्या के आरोपी दामाद को जेल भेजा

हरिद्वार। सिडकुल थाना क्षेत्र की महादेवपुरम कॉलोनी में सास की हत्या करने वाले आरोपी दामाद सुरेंद्र कुमार को मेडिकल जांच के बाद कोर्ट से जेल भेज दिया गया है। रविवार रात शराब पार्टी करने के बाद आरोपी ने सोमवार तडक़े गला दबाकर अपनी सास की हत्या कर दी थी। हत्या करने के बाद आरोपी पहले अपनी पत्नी और साढू के पास जाकर हत्या करना बताया था। यहा से सीधा पुलिस पिकेट राजा बिस्कुट पहुंच गया। पुलिस को भी सीधे सीधे सास की हत्या कर आने की बात बताई थी। पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशे का आदी था और अपनी पत्नी से लड़ाई झगड़ा करने के बाद सास के घर पहुंच गया था। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार ने बताया कि आरोपी दामाद सुरेंद्र पुत्र कलवा निवासी नजीबाबाद को जेल भेज दिया है।

### राठी के नाम से 50 लाख की रंगदारी मांगी

हरिद्वार। कुख्यात सुनील राठी के नाम से गुरुकुल कांगड़ी के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष और कांग्रेसी नेता रविकांत मलिक के भाई से पचास लाख की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। कुख्यात के गुर्गों ने कांग्रेसी नेता के भूखंड पर तोडफ़ोड़ कर सामान भी चोरी कर लिया गया। कांग्रेसी नेता ने इस संबंध में सिडकुल में कुख्यात राठी समेत छह आरोपियों के खिलाफ रंगदारी समेत प्रभावी धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है। कुख्यात सुनील राठी वर्तमान हरिद्वार जेल में बंद है। कनखल के बड़ा परिवार गुरुकुल कांगड़ी कैंपस निवासी कांग्रेसी नेता रविकांत मलिक ने नवोदय नगर सिडकुल में मोहन चंद्र त्यागी से एक भूखंड खरीदा था, जिस पर दूसरा पक्ष भी अपना होने का दावा करता है। आरोप है कि कुछ लोगों ने जब भूखंड पर कब्जा करना चाहा तब उसने एसडीएम से भूखंड पर कार्य करने की अनुमति ली थी। आरोप है कि भूखंड को लेकर विवाद कर रहे पेशे से प्रॉपर्टी डीलर नीरज मलिक, प्रदीप राठी, विपिन राठी, रोहताश राठी निवासीगण टिकरी बागपत हाल निवासी नवोदय नगर उसे एवं उसके भाई को हत्या करने की धमकी देते आ रहे हैं। आरोप है कि कुख्यात सुनील राठी गैंग से जुड़े यह लोग उनके भूखंड पर कब्जा करना चाहते है और तीन फरवरी को उसके भाई के मोबाइल फोन पर व्हाट्सअप कॉल आई। कॉल कर रहे शख्स ने खुद को सुनील राठी बताते हुए भूखंड की एवज में पचास लाख की रकम देने की बात कही। यही नहीं रंगदारी न देने पर भूखंड पर कब्जा कर लेने की धमकी दी गई। आरोप है कि कुछ दिन पूर्व राठी गैंग के सदस्य सुशील गुज्जर निवासी मीरगपुर सहारनपुर यूपी ने उसके भाई को कनखल के गांव जमालपुर कलां में बुलाकर हथियार दिखाकर हत्या की धमकी भी दी थी। आरोप है कि 11 फरवरी को नीरज मलिक, प्रदीप राठी, रोहताश, विपिन राठी एवं सुशील गुज्जर ने उसके भूखंड पर कब्जा करने की नीयत से वहां बने एक कमरे को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहां से बिजली का मीटर, गेट, तोडक़र कमरे में रखा समान भी चोरी कर ले गए। कांग्रेसी नेता ने इस संबंध में कुख्यात राठी समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्जकराया। कोतवाली प्रभारी रमेश तनवार ने बताया कि इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### सीएम ओएसडी ने सुनी लालढांग में लोगों की समस्याएं

हरिद्वार। मुख्यमंत्री के आदेश पर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सीएम के ओएसडी संजीव शर्मा ने विभागीय अधिकारियों के साथ लालढांग क्षेत्र के ग्राम पंचायत दुधला दयालवाला, गैंडीखाता, रसूलपुर मीठीबेरी, कटेबड़ और लालढांग पंचायतों का भ्रमण किया। उन्होंने जनता के बीच जाकर लोगों की समस्याएं सुनी। संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर तत्काल समाधान करने को कहा। उन्होंने ग्रामीण स्तर पर 2020-22 में कराये गये विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया। जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र, पेयजल, सडक़, चिकित्सा और विद्यालय जाकर शिक्षण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा विकास कार्य और सरकारी योजनाओं को लाभार्थी तक पहुंचाना है। विभागीय अधिकारियों की कार्य शैली का भी जनता की नजरों से मूल्याकन किया जाएगा।